**खबर संक्षेप**

## हत्या एवं साक्ष्य छुपाने के मामलें में चौकी हिरदे नगर पुलिस ने 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मण्डला।** चौकी हिरदेनगर में समलू सिंगरौरे की मौत के संबंध में लिखित सूचना चौकी हिरदेनगर में प्राप्त हुई थी। जिसकी जांच चौकी प्रभारी हिरदेनगर उप निरीक्षक सुरजीत सिंह परमार के द्वारा की गयी। पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान गवाहों एवं आवेदकों के कथन लेखबद्ध किये गयें। जांच के दौरान आये तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर चौकी हिरदेनगर में आरोपी मोतीलाल सिंगरौरे द्वारा मृतक समलु सिंगरौरे को लोहे की बाल्टी से सिर में मारकर हत्या करना एवं अन्य 08 द्वारा मृतक समलू के शव को साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से जलाना पाया गया जो आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 302, 201,120 बी भादवि का पाये जाने से चौकी हिरदेनगर में अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। जांच विवेचना के दौरान आये तथ्यों के आधार आरोपी मोतीलाल पिता समलू सिंगरौरे उम्र 35 वर्ष निवासी घुघरा चौकी हिरदेनगर को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गयी। पुछताछ में आरोपी द्वारा जूर्म स्वीकार करते हुए बताया की दिनांक 29/03/2024 को रात्रि करीब 11-12 बजे के आसपास मैने आंगन के पीछे रखे लोहे की बाल्टी से अपने पिता समलू सिंगरौरे के सिर में मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस टीम द्वारा अन्य आरोपियों भगवान दास s/o समलू सिंगरौरे, मंगले पिता समलू सिंगरौरे तीनों निवासी ग्राम घुघरा चोकी हिरदेनगर, महाराजपुर, शुभम पिता संतोष सिंगहीरे, गुलशन पिता राजाराम सिंगरौरे, विकास पिता मदन सिंगरौरे, मथुरा पिता कुंवरसिह सिंगरौरे, पंचम पिता मगल सिंगरौरे, कुंवर पिता जीवनलाल सिंगरौरे निवासी अमगंवा चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर जिला मंडला को घेराबंदी कर पकड़ गया जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए सभी ने मिलकर मृतक के शव को शमशान में जलाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा जली हुए अवस्था में मृत शरीर के हड्डी अवशेष शमशान घाट से जप्त किये गये। आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाल्टी व दो मोटरसाइकिल जप्त कर सभी 09 आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा 08 आरोपियों को जुडिशियल रिमांड में भेजा गया वहीं आरोपी मोतीलाल को पुलिस को पुलिस रिमांड पर लिया गया।

**शिकायत के बाद दोष सिद्ध होने पर हुई एफआईआर**

# उपसरपंच पहुंचा सलाखों के पीछे

*** ग्राम पंचायत ककैया का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जनपद पंचायत बिछिया की ग्राम पंचायत ककैया का उपसरपंच अब सलाखों के पीछे हैं उपसरपंच द्वारा सरपंच की फर्जी शील लेटर पेड बनाकर उपयोग किया जा रहा था, जिसकी भनक सरपंच को लगी और शिकायतों का लंबा दौर चला तब कहीं जाकर बम्हनी पुलिस थाना में उपसरपंच के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 भारतीय दण्ड विधि के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उपसरपंच को जेल भेजा गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम ककैया प्रार्थिया सरपंच ममता पति फागू लाल मरकाम 40 साल साकिन ककैया की थाना बम्हनी मे शिकायत की थी कि ग्राम ककैया का शिवप्रकाश ठाकुर पिता मुर्गन ठाकुर द्वारा प्रार्थिया के फर्जी सील व हस्ताक्षर बनाकर लेटर पेड पर हस्तलिपी में तैयार कर फर्जी लेटर जारी कर धोखाधडी किया गया है। सरपंच का लेटर पेड का उपयोग कर धोखाधड़ी किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

आरोपी शिवप्रकाश ठाकुर को 30 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा ज्युडिशियल रिमाण्ड का आदेश किये जाने पर आरोपी को जिला जेल में दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक वर्षा पटेल थाना प्रभारी बम्हनी, सहा उप. निरी भीमराव कनौजे, सउनि सीएम पटले, प्रधान आरक्षक विवेक दुबे, सचिन, धीरज नाग, आरक्षक कुनाल, तेवेन्द्र, उमराव, सैनिक बंसत की भूमिका रही।

### कोटवार को मुनादी करने से किया मना

सरपंच ममता मरकाम ने बताया कि 02 अक्टूबर 2022 गांधी जयंती को ग्राम में ग्राम सभा रखने आदेश किया गया था उक्त आदेश के पालन में मेरे द्वारा ग्राम कछारी के ग्राम कोटवार दुर्गादास को ग्राम ककैया में 2 अक्टूबर 2022 को ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्रामसभा में ग्रामवासियों को शासन की योजना का लाभ पहुंचाने हेतु मुनादी देने 1 अक्टूबर को जानकारी दी गई, लेकिन ग्राम कछारी के कोटवार दुर्गादास को ग्राम पंचायत ककैया के उपसंरपच शिव प्रकाश ठाकुर द्वारा मेरी अनुमति के बिना ग्राम कछारी में मुनादी देने से मना कर दिया गया। जिसके कारण कोटवार दुर्गादास ने ग्राम कछारी में मुनादी नही दी। मुनादी नहीं देने के कारण ग्राम कछारी के लोग 2 अक्टूबर 2022 को ग्राभ ककैया में आयोजित ग्रामसभा में सम्मलित नही हो पाये। जिससे ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं की जानकारी नही मिल पाई व ग्राम पंचायत की सूचना रजिस्ट्रर में 2 अक्टूबर 2022 को होने वाली ग्रामसभा निरस्त की गई। इसके बाद आगामी तिथि में ग्राम सभा करने के संबंध में मेरी अनुमति के बिना उपसंरपच शिवप्रकाश ठाकुर द्वारा लेखकर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### अन्य मामले भी संलिप्त है उपसरपंच

बताया गया कि विगत डेढ़ साल से उपसरपंच के मामले में विभिन्न स्तर पर जांच चल रही थी, लेकिन महिला सरपंच ने हार नही मानी और धोखाधड़ी के मास्टरमाईड उपसरपंच को सलाखों के पीछे पहुंचाया वहीं उपसरपंच के ऊपर अन्य मामले भी दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। जिसमें उपसरपंच द्वारा ग्रामीणों से मारपीट करना, दबंगाई दिखाना इनकी फितरत थी। ग्रामीणों ने बताया कि उपसरपंच के आतंक से स्थानीय रहवासी भयभीत थे, जिसके कारण ग्रामीण शिकायत नही कर पाते थे। इनके द्वारा फर्जी हाजरी, घटिया काम और कमीशनबाजी की जा रही थी।

## भव्य भारत के निर्माण में जनजातीय समाज अपना पुनीत योगदान दें-डॉ निशांत खरे




*** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का हुआ सम्मेलन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चे का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा आयोग के अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी डॉ निशांत खरे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी पंचायत या परिषद का नहीं है यह दिल्ली का चुनाव है इस चुनाव से देश के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण होगा देश की सेना, किसान, युवा, मातृशक्ति, आदिवासी के स्वाभिमान और सम्मान बढ़ाने का चुनाव है देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ाने का चुनाव है इसलिए देशहित को ध्यान में रखकर हमें गांव के प्रत्येक मंजरे टोले से भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान पर वोट दिलवाना है मण्डला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी आदिवासी नेता श्री फग्गनसिंह कुलस्ते को बहुमत के साथ जीत दिलाने में हमें अपनी भूमिका निभानी है। डॉ निशांत खरे ने कहा कि मोर्चे के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक हितग्राही से निरंतर संपर्क व चर्चा कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस, लाड़ली बहना, किसान सम्मान निधि, जनमन योजना का लाभ देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इस विषय से हितग्राहियों को अवगत कराना है। देश के आदिवासियों के मान-सम्मान की रक्षा करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। भारत जितना अच्छा होगा मण्डला उतना ही अच्छा होगा। डॉ खरे ने अपील करते हुए कहा कि भव्य भारत के निर्माण में मण्डला लोकसभा क्षेत्र के संपूर्ण जनजातीय समाज, विभिन्न संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मतदाता अपना पुनीत योगदान देने में पीछे ना रहें। मोदी सरकार बनाने में हम समर्पित भाव से कार्य कर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर भाजपा को विजयी बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ विजय सर्वटे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह कोकड़िया ने संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन में विभिन्न राजनीतिक दलों के आदिवासी युवाओं ने डॉ निशांत खरे के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस सम्मेलन में लोकसभा सहप्रभारी पंकज तेकाम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, डॉ मुकेश तिलगाम, डॉ रूपनारायण माण्डवे, श्रवण पटेल सहित मोर्चे के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# सरसंघ चालक मोहन भागवत का हुआ मण्डला प्रवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत एवं पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी का रविवार को सड़क मार्ग से मण्डला आगमन हुआ। वे अमरकंटक से होते हुए मण्डला पहुँचे थे। पूजनीय सरसंघचालक जी ने प्रातः सहस्त्रधारा में माँ नर्मदा का पूजन किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं से भेंट की।

कार्यकर्ताओं से चर्चा के दौरान पूजनीय सरसंघचालक ने कहा कि हमारा आचरण ही हमारी पहचान है। हमारे मन, वचन और कर्म में समन्वय होना चाहिए। सारे विश्व के साथ मिलकर चलने की भारत की प्राचीन परंपरा है। सदा से हम सबका कल्याण चाहने वाले हैं। देश की स्वाधीनता के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत संघर्ष किया बलिदान दिए। आज हम स्वाधीन हैं। स्वाधीन राष्ट्र में समय पालन व्यवस्था पालन नागरिक अनुशासन का पालन भी देशभक्ति का एक प्रकार है। हमें अपने आचरण एवं संवाद के द्वारा सारे समाज में इन गुणों को स्थापित करना है।

### उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा की ली जानकारी

डॉ. मोहन भागवत ने अपने प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित संघ कार्यालय समर्पण भवन में नगर के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी भेंट की। वे सोमवार को सुबह से अलग-अलग बैठकों के दौरान अलग-अलग लोगों से भेंट कर रहे थे इसी कड़ी में नगर के समाजसेवियों से नर्मदा परिक्रमा की चर्चा की विशेष रूप से चैत्र माह में होने वाली उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा को लेकर बात की। चूंकि इस परिक्रमा में महाराष्ट्र प्रांत से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन आते हैं डॉ. भागवत ने परिक्रमा पथ के दौरान पड़ने वाले आध्यात्मिक एवं पौराणिक तथा ऐतिहासिक महत्व वाले स्थानों के बारे में भी विस्तार से पूछा और उनके संरक्षण की बात भी कही। प्रतिनिधि मण्डल से उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये और बताया कि सन् 1982 में भी वे मण्डला प्रवास कर चुके हैं और इस प्रवास के दौरान मण्डला में वे 2 से 3 दिन रूके भी थे तब के और अब के मण्डला में बहुत अंतर आ चुका है उन्होंने बताया कि उस समय नगर का इतना विकास नहीं हुआ था तब नर्मदा के एक ओर खड़े होने पर माँ नर्मदा जो शहर को घेरते हुये दूसरी ओर प्रवाहित होती हैं नजर आ जाती थी अब बीच में बड़ी संख्या में भवनों का निर्माण हो चुका है जिससे इस तरह के दर्शन संभव नहीं हो पाते। चर्चा के दौरान नर्मदा समग्र के स्वयं सेवक लालाराम चक्रवर्ती ने उन्हें परिक्रमा पथ एवं पौराणिक स्थल की जानकारी दी साथ ही वर्तमान में जो नर्मदा परिक्रमा को लेकर दिक्कतें हैं उन्हें भी बताया। शाम को श्री भागवत सड़क मार्ग से जबलपुर के लिये प्रस्थान किये।

## सहायक शिक्षिका श्रीमति संध्या मिश्रा को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

ग्राम पंचायत आमानाला की प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षिका श्रीमति संध्या मिश्रा 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हो गई श्रीमति संध्या मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर कल ग्राम पंचायत आमानाला के सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कल्पना नामदेव, मण्डल संयोजक विवेक शुक्ला, शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, पंचायत की उपसरपंच सुशीला उइके, पूर्व उपसरपंच देवी सिंह सैयाम, वरिष्ठ शिक्षक निर्मल पटेल, नमिता श्रीवास्तव, शशिकला हरदहा, सुनीता कछवाहा, करूणा टाण्डिया, श्रीमति रागिनी राय, प्रमोद दुबे, आलोक उपाध्याय सहित परिजन एवं ग्रामीणजन मौजूद थे। कार्यक्रम उपरांत श्रीमति संध्या मिश्रा को गाजे-बाजे के साथ उनके निज निवास तक ले जाया गया उपस्थित लोगों ने श्रीमति मिश्रा के कार्यकाल की तारीफ करते हुये उनके भविष्य के लिये उन्हें शुभकामनायें दी।

**बैठक** | **लोकसभा चुनाव के बाद देश में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा-डॉ.महेंद्र सिंह।**

# डबल इंजन सरकार विकास की लिख रही नई इबारत

*** प्रबंध समिति एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न।**

भूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव से लेकर महानगरों तक विकास की नित नई इबारत लिखी जा रही है मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन में उतरा गया है जनकल्याणकारी कार्यों एवं मोदी सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के विषय को लेकर हम इस चुनाव में प्रत्येक मतदाता के पास जाएं और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एक सकारात्मक वातावरण तैयार कर भारी बहुमतों के साथ अपने क्षेत्र के प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को विजय बनाएं,उक्त आशय के उदगार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक में मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा बूथ विजय अभियान हर हाल में पूरा करना है लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक लाभार्थियों तक पहुंचकर प्रधानमंत्री श्री मोदी की राम-राम पहुंचना है मोदी जी के सपनों का साकार करने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव के साथ आगे आना होगा प्रदेश लोकसभा प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ने कहा की धारा 370 हटाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा किया है, इसलिए हम सब की यह जिम्मेदारी है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस देश के विकास के लिए जो सपना देखा है उसे हम पूरा करने में अपना योगदान दें, और तीसरी बार श्री मोदी के नेतृत्व में देश में भाजपा की सरकार बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मण्डला लोकसभा क्षेत्र के 2654 बूथ में 1 लाख 45 हजार 600 सौ कार्यकर्ता है प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मिलकर लाभार्थी संपर्क अभियान और बूथ विजय अभियान को पूरा करने के लिए पुनः एक बार कार्यकर्ता तैयार रहे चुनाव में मीडिया, कॉल सेंटर एवं सोशल मीडिया की अहम भूमिका है, क्षेत्र के हुए विकास कार्य प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी कार्य एवं प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा 10 वर्ष की उपलब्धियां को हम नियमित रूप से जनता के पास पहुंचने का कार्य करें। आयोजित बैठक में लोकसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर हाल में संगठन के द्वारा चुनाव जीतने की दृष्टि से दिए गए करणीय कार्यों को पूरा करना है। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने संबोधित किया इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके राष्ट्रीय मंत्री विधायक ओमप्रकाश धुर्वे विधायक महेंद्र सिंह नागेश लोकसभा प्रभारी डॉ. विनोद मिश्रा सह संयोजक प्रफुल मिश्रा पंकज टेकाम ,जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी अवध राज बिलैया सहित लोकसभा प्रबंध समिति विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक जनप्रतिनिधिगण जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कान्हा के बारासिंघा सतपुडा टायगर रिजर्व रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

दिनांक 01-04-2024 को सरही परिक्षेत्र स्थित सौंफ मैदान से 09 बारासिंघा (02 नर एवं 07 मादा) को सफलता पूर्वक केप्चर किये जाकर सतपुड़ा टायगर रिजर्व की ओर रवाना किया गया। इस पूरे केप्चर प्रक्रिया का नेतृत्व श्री सुनील कुमार सिंह, क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा किया गया। केप्चर आपरेशन के दौरान श्री पुनीत गोयल, उप संचालक (कोर), डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यप्राणी चिकित्सक एवं उनका रेस्क्यू दल तथा कान्हा टायगर रिजर्व के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। इसके पूर्व कान्हा से सतपुडा टा. रि. 106 (22 नर एवं 74 मादा, 10 बच्चे) बारासिंघा स्थानांतरित किये गये है। राज्य पशु बारासिंघा के सतपुडा टायगर रिजर्व में ट्रांसलोकेशन हेतु भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुमति दी गई थी। दिनांक 31-03-2024 को समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा बारासिंघा केप्चर हेतु विशेष रूप से निर्मित बोमा का निरीक्षण किया गया एवं बारासिंघा केप्चर की रणनीति तैयार की गई। आज दिनांक को प्रातः 8 बजे से केप्चर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई प्रातः लगभग 10:30 बजे बारासिंघा केप्चर की प्रक्रिया पूर्ण की गई एवं बारासिंघा को विशेष रूप से निर्मित वन्यप्राणी परिवहन ट्रक में सतपुडा टायगर रिजर्व की ओर रेस्क्यू दल की देखरेख में रवाना किया गया। प्रदेश में इनकी संख्या बढ़ाने के उद्धेश्य से पिछले कुछ वर्षों में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में 7 एवं बांधवगढ़ टायगर रिजर्व में 48 मध्य भारतीय हार्ड ग्राउण्ड बारासिंघा को सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया जा चुका है। कान्हा में सत्तर के दशक में मात्र 66 बारासिंघा बचे थे, कान्हा प्रबंधन द्वारा बेहतर संरक्षण के चलते अब कान्हा में इनकी संख्या लगभग 948 तक हो गयी है।

## सचैली के ग्रामीणों ने पानी की समस्या लेकर पहुंचे एसडीएम कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

# पानी की समस्या को लेकर त्राहि त्राहि



**शहपुरा।** डिंडोरी जिला के जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया कला के पोषक ग्राम सचैली के ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गांव में पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि उनके गांव में नल जल योजना के तहत पाइपलाइन तो बिछा दी गई है लेकिन ठेकेदार व पी एच ई विभाग शहपुरा की लापरवाही के चलते उसका काम अभी भी आधा अधूरा है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन आज तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे भीषण गर्मी के इन दिनों में जल संकट गहराया हुआ है।

हर वर्ष भीषण जल संकट से गुजर रहे ग्रामीण ग्राम की संरपंच यशोदा बाई ने बताया इस ग्राम में हमेशा से ही पानी की समस्या है जिसको लेकर हमेशा आवेदन शिकायत की गई है जिसके बाद दो वर्ष पहले पीएचई विभाग के द्वारा पाईप लाईन विछाने का कार्य किया गया सचैली ग्राम को धारेगांव से पानी देने का चल रहा है परन्तू दो वर्षो में विभाग के ठेकेदार ने आज तक कार्य पूरा नहीं किया जिसके कारण लोगो को पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही उनके गांव में पेयजल की व्यवस्था की जाए जिससे भीषण गर्मी में पानी के लिए उन्हें इधर-उधर न भटकना पड़े। ग्रामीणों ने जानकारी में यह भी बताएं कि 2 वर्ष पहले ग्राम संचोली में पाइप लाइन का विस्तारीकरण किया गया है घरों में कुछ जगह टोटी लगी है कुछ जगह स्टैंड बस खड़ा कर दिया गया है उनमें आज तक पानी नहीं आया । लगातार अधिकारी गणों से व जनप्रतिनिधियों से इस समस्या को लेकर आवेदन दिए गए लेकिन आज तक हमारे गांव की समस्या को किसी ने समाधान करने की कोशिश नहीं कि आखिर हम ग्रामीण एक कुआं की गंदे पानी पीने को मजबूर हैं यदि वह कुआं भी ढप्प हो जाए तो हम ग्रामीण पानी के लिए त्राहि त्राहि हो जाएंगे। कई बार इस समस्या को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अधिकारी गणों को जगाने की कोशिश करें है पर लगता है कि अधिकारीगढ़ बहुत गहरी नींद में सोए हुए हैं इसीलिए यह समस्या किसी को नहीं दिख रहा है। विभाग के अधिकारियों को जब कभी इस समस्या को लेकर बात हुई तो उनके द्वारा रटा रटाया एक ही जवाब दे दिया जाता है की कुछ दिनों में आपके यहां पानी आने लगेगा कह कर टाल दिया जाता है आखिर हम ग्रामीणों का सुनने वाला क्यों कोई नहीं है? ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच यशोदा बाई बिट्टी बाई,तितरा सिंह, सहित अन्य महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चुन पथरी करंजिया में यादव महासभा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**डिंडोरी।** जिला अंतर्गत चूनपथरी करंजिया में यादव महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित सर्व अहीर महासभा ने कल करंजिया ब्लॉक के चुनपथरी गांवों में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें यादव समाज के लगभग 400 महिला-पुरुषों ने इस शुभ अवसर पर भाग लिया रोहित यादव समाज के अध्यक्ष और प्रसिद्ध गायक कृष्णा कौरव श्री भागवत यादव कृष्णा यादव यादव ढाबा डिंडोरी और शिवदर्शन यादव शिवप्रसाद यादव और सभी कार्यकारी सदस्य इस शुभ अवसर पर उपस्थित ब्लॉक समाज के कल्याण एवं उत्थान पर भी चर्चा हुई हमने जिले के प्रत्येक गांवों में बैठक आयोजित करने पर भी चर्चा की और योजना बनाई।

### मतदान दल का द्वितीय रेण्डमाइजेशन



**डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों की द्वितीय रेण्डमाइजेशन आज प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी (आईएएस) की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा द्वारा किया गया।रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया डिंडौरी और शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के आधार पर विधानसभावार डीआईओ एनआईसी अभिनव साहू के द्वारा सम्पन्न कराई गई। प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी (आईएएस) ने संवेदनशील मतदान केन्द्र, ऑल वूमन बूथ, ग्रीन बूथ की जानकारी प्राप्त की। रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह, एआरओ शहपुरा अनुराग सिंह, एआरओ डिंडौरी रामबाबू देवांगन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अकुशल श्रमिकों की मजदूरी दर में हुई वृद्धि

**डिंडौरी।** म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार नरेगा के तहत अकुशल श्रमिकों (हस्त कर्मकारों) को प्रदाय मजदूरी दर में वृद्धि कर 243 रूपए प्रतिदिन निर्धारित की गई है। यह मजदूरी दर 01 अप्रैल 2024 से लागू की गई है।

### विभिन्न अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन दरों में हुई वृद्धि

**डिंडौरी।** श्रम आयुक्त द्वारा श्रम विभागीय अधिसूचना के अनुसार राज्य के विभिन्न अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की दरें पुनरीक्षित की गई है। जो 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक मान्य रहेंगी।

### 6 आदतन अपराधी हुए जिला बदर

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के आदतन अपराधियों एवं गुंडा बदमाशों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभा थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्रांतर्गत सक्रिय आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को रोकने एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा 06 सक्रिय आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी की ओर प्रेषित किया गया है। आरोपियों अभिमन्यू उर्फ लाला कुशवाहा निवासी सोहागपुर, बब्लू उर्फ भूरा प्रजापति निवासी गोहपारू, ध्यान सिंह वादी निवासी देवलोंद, पप्पू उर्फ राकेश यादव निवासी कोतवाली, अजीत कुमार कोल निवासी सिंहपुर, रमेश पटेल निवासी सिंहपुर शामिल हैं।

# संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा में हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा

## प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत

**शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर स्थित संस्कार पब्लिक हाई स्कूल शहपुरा मे सत्र 2023-24 का वार्षिक शैक्षणिक परिणाम घोषित किया गया।जिसमें छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। समारोह की अध्यक्षता बी. पी. झारिया ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर. एस. गुरुदेव जी विशिष्ट अतिथि अश्वनी साहू, आशीष गौतम उपस्थित रहे। प्राचार्य सविता झारिया की उपस्थिति में सर्वप्रथम विद्यालय के चारों हाउस में विजेता के रूप में आर्यभट्ट ग्रीन हाउस के इंचार्ज मीनाक्षी माधवी एवं खुशी साहू ,कप्तान शुभम झरिया एवं उप कप्तान लतिका बरमैया व समस्त छात्रों के द्वारा अपने हाउस का विजय पताका झण्डा फहराया गया। तत्पश्चात विद्या की देवी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारम्भ किया गया। उसके बाद शैक्षणिक सत्र 2023-24 मे विद्यालय में हुए विभिन्न वार्षिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को शील्ड एवं मेडल दे कर पुरस्कृत किया गया। फिर शैक्षणिक परिणाम की घोषणा कर कक्षाओं में टॉप 10 छात्रों को मेडल से एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। परीक्षा परिणाम कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान गौरव कुमार झारिया 91.83ः अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान पर स्पर्श साहू 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया कक्षा यूकेजी में विकास कछवाहा ने 97.117 अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली में आर्यवीर पाठक ने 97.83 अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया द्वितीय स्थान पर लय झारिया 97.5 0 प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर शौर्यवी बरमैया 93.67 अंक प्राप्त किया कक्षा दूसरी में रावी पटले ने 98.33 अंक प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर मेघा झरिया 95.33 एवं तृतीय स्थान पर मानवी साहू 94.67 अंक प्राप्त किया, कक्षा तीसरी में संयोग झरिया ने 95.83 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, द्वितीय स्थान पर हार्दिक साहू 95.5 एवं तृतीय स्थान पर प्रिंस कुमार उइके 92ः अंक प्राप्त किया , कक्षा चैथी में मानवी साहू 89.57 स्मृति साहू 86.33 सांत्विक ओके 84ः अंक प्राप्त किया कक्षा छठवीं में गौरव कुमार रजक ने 94.12 प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान रिदिमा बघेल 91.05 तृतीय स्थान पर भास्कर गोलिया 88.48 अंक प्राप्त किया, कक्षा सातवीं में नम्रता ठाकुर 91.68ः द्वितीय स्थान पर संस्कृति झरिया 91.67 एवं तृतीय स्थान पर अंश गौतम 91.38ःअंक प्राप्त कर तृतीय स्थान बनाया अंत में शैक्षणिक सत्र के ओवरऑल परफॉर्मेंस अवार्ड की घोषणा की गयी जिसके विजेता कक्षा सातवीं की संस्कृति झारिया रही। यह अवार्ड स्वर्गीय अभिषेक गुरुदेव के स्मृति में प्रतिवर्ष विद्यालय ओवरऑल परफॉर्मेंस के रूप में श्री आर. एस. गुरुदेव के द्वारा प्रदान किया जाता है। ओवरऑल परफॉर्मेंस अवार्ड प्राप्त करने के बाद संस्कृति झरिया ने अपने उद्बोधन में सभी का धन्यवाद प्रेषित किया हुआ इसका मुख्य श्रेय अपने अभिभावक व शिक्षकों को दिया कि यह सब उन्हीं की शिक्षा का फल है जो आज इस मुकाम पर पहुंची हूं। विद्यालय के द्वारा प्रबंधन के द्वारा बेस्ट पेरेंट्स अवार्ड के रूप में माखनलाल साहू को प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा बेस्ट टीचर अवार्ड प्रधानाध्यापक आर एल चंद्रा को प्रदान किया गया। इस समारोह में समस्त अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही उन्हीं के सहयोग से ही यह विद्यालय का सत प्रतिशत परिणाम देखने को मिला सभी ने विद्यालय की काफी प्रशंसा की। उसके पश्चात मुख्य अतिथि आर एस गुरुदेव जी के गरिमामयी उद्बोधन के द्वारा विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन किया गया एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपना भरपूर सहयोग व शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार गौतम के द्वारा किया गया और अंत मे संचालक एल. पी. झरिया के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। विद्यालय परिवार से शिक्षक खेलनलाल झारिया, दिनेश कुमार गौतम, सिद्धार्थ उपाध्याय, अर्चना पांडे, मुस्कान नामदेव, मीनाक्षी माधवी , मनीषा माधवी, कीर्ति साहू ,अभिलाषा झरिया, श्रुति गुप्ता, पुष्पा साहू, सरिता साहू केयरटेकर आरती उइके नन्हेंलाल यादव व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# समय-सीमा की बैठक में की गई निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा



**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा की। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डिंडोरी रामबाबू देवांगन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शहपुरा अनुराग सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग आरपी तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागों की समीक्षा करते हुए विभागवार प्रचलित कार्यों की जानकारी ली और निर्वाचन गतिविधियों पर विभागों की प्रगति का आकलन किया। अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना है। 19 अप्रैल को होने वाला मतदान हमारे देश का पर्व है। जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। लोकसभा निर्वाचन में 85 प्रतिषत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी विभागों में सर्वोच्च समन्वय होना चाहिए। उन्होंने परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थय, चभ्म विभाग से निर्वाचन से संबंधी तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही सभी को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा लेते रहें और आवश्यक व्यवस्थाओं की कमी दूर कर सुगम मतदान केन्द्र स्थापित करें। कलेक्टर ने आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश देते हुए प्रचलित कार्यों के सुचारू संचालन पर जोर देने की बात कही। कलेक्टर श्री मिश्रा के सख्त आदेश है कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा, लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन के दौरान किसी भी शासकीय कर्मचारी-अधिकारी को अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने बिजली और पानी की समस्या पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिजली पानी की समस्या के लिए चक्काजाम जैसी स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। यदि ऐसी कोई भी स्थिति निर्मित होती है तो इसके जिम्मेवार अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संपत्ति विरूपण एवं कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन पर अधिकारी सख्त निर्णय लेते हुए कार्य करें। कलेक्टर ने एफएसटी एवं एसएसटी टीम की गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए और मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए रणनीतिगत कार्य करने को कहा है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सोशल मीडिया, सार्वजनिक मंच आदि पर सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए अच्छे स्वास्थ्य की के लिए सजग रहने की हिदायत दी है। साथ ही उन्होंने इस लोकसभा निर्वाचन महापर्व को उल्लासपूर्ण मनाने के लिए शुभकामनाएं भी दी है।

## आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

# अवैध शराब के 3 प्रकरण कायम



**डिंडौरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रखते हूये जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा के आदेशानुसार एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में दिनांक 31 मार्च 2024 को आबकारी विभाग द्वारा जिले मे ग्राम कोहानी देवरी, व बिछिया मे दबिश कर कार्यवाही किया गया। तलाशी के दौरान अवैध शराब लगभग 13.14 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त व 3.60 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जीनियस व्हिस्की जप्त किया गया शराब की अनुमानित कीमत 6745/- रुपये है। उपरोक्तानुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) " क" के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक गेंदालाल वरकडे, करिशमा सलामे एवं मनीष उइके उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का कोतमा महाविद्यालय में शुभारंभ



**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम जमुडी में सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य दीपक पांडे के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। बौद्धिक परिचर्चा उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकल्प के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ कैरियर निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों जैसे ग्रामीण विकास, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल विकास इत्यादि क्षेत्र में युवा बेहतर अवसर प्राप्त करते हैं, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने वाले विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण एवं सक्रिय योगदान देते हुए उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को निश्चित करते हैं । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राकेश कुमार पवार ने सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को विशेष शिविर में सहभागिता करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकल्प स्वयं के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए व्यक्तित्व निर्माण का पथ प्रशस्त करता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष में एक बार होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान विभिन्न विषयों जैसे मतदाता जागरूकता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत और प्राकृतिक खेती के संबंध में परियोजना कार्य का संपादन किया जाना है। प्रथम दिवस विभिन्न विषयों पर स्वाध्याय के पश्चात स्वयंसेवकों का उद्बोधन आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र के दिन स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम जमुडी के प्रत्येक परिवार में जाकर मतदाता सर्वेक्षण कर मतदान नहीं करने वाले मतदाताओं की पहचान की गई इसके साथ ही महिला इकाई की प्रतिमा चौहान सपना साहनी सुप्रिया पांडे मनु मिश्रा श्वेता भारती चांदनी के द्वारा महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। उद्घाटन सत्र का आभार ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता तिवारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता में मेंहदी अभियान चलाया गया।

# विश्वविद्यालय में स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता का हुआ आयोजन



**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शहडोल द्वारा रविवार को शहीद दिवस की श्रृंखला में स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वयसेवकों द्वारा कोतवाली के निकट स्थित शाहिद देवेंद्र सोनी की स्मारक की सफाई कर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्लास्टिक बॉटल, पॉलीथीन की पन्नियां, रैपर, कांच की टूटी बोतलें आदि को एकत्रित किया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु वॉल पेंटिंग कर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। 'वोट फॉर बेटर इंडिया', 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता' आदि नारे लिखे गए। चित्रों के माध्यम से महिलाओं की समान हिस्सेदारी व निष्पक्ष होकर मतदान करने का संदेश दिया गया। महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह ने स्वयंसेवकों को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना है व सभी नगरवासियों को भी सम्मिलित होने के लिए संदेश देना है। युवा शक्ति ही इस देश को उच्च शिखर तक पहुंचाने में सक्षम है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज्योति सिंह के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ दलनाय श्रुति तिवारी के निर्देशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वयंसेवक शैली निगम, अनुराग कुमार मौर्य, सुचिता तिवारी, उत्तरा विश्वकर्मा, हर्ष तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रीति विश्वकर्मा, अनामिका सिंह धुर्वे, शाहीन खान, राजकुमार जाटव, शिवा सिंह, रागिनी, राजनंदनी सिंह, राजनांदनी सिंह रानी, हिना, वर्षा केवट, ममता सिंह, अंश, मनीष सिंह, सूरज सिंह ने सहभागिता निभाई।

### मेंहदवानी पुलिस ने फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को किया गिरफ्तार

**मेंहदवानी।** पुलिस अधीक्षक डिंडौरी एवं एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेंहदवानी प्रभुदास मोंगरे के द्वारा गठित पुलिस टीम ने विगत 7 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम अमरपुर निवासी स्थाई वारंटी सुकल सिंह सिंह पिता सुनार सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष सन 2017 से अपराध घटित करने के



# उमरिया स्टेशन से महिला लापता

उमरिया

रेलवे स्टेशन के बाहर से सन्दिग्ध परिस्थितियों में दो दिन से महिला के लापता होने की खबर है, इस मामले में थाना चंदिया अंतर्गत ग्राम कुदरा निवासी लापता महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत की है, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर महिला के पतासाजी के प्रयास में जुट गई है। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पति ने पत्नी पर नाराजगी व्यक्त की थी, जिससे पत्नी नाराज़ थी, बाद में ग्राम पिपरिया अपने परिवारजन के घर आ गई थी, जानकारी पर पति पिपरिया पहुंचा और पत्नी से ग्राम कुदरा अपने घर चलने की बात कही, दोनो उमरिया स्टेशन आ गए पर इसी बीच पत्नी ग्राम पिनोरा स्थित अपने बहन के घर जाने की बात कही, जिस पर पति ने सहमति देते हुए पत्नी को स्टेशन छोड़ा और खुद चंदिया चला गया। रात करीब 08 बजे जब पत्नी के पहुंचने की बात उसकी बहन से पूछा तो पत्नी की बहन ने उसके आने की बात से इंकार कर दिया, जिसके बाद से ही पीड़ति पति परेशान है और सगे सम्बन्धियों के यहाँ लापता पत्नी को तलाश कर रहा है, सफलता न मिलने पर पूरे मामले की शिकायत सम्बंधित कोतवाली पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में लापता महिला की तलाश में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की विशेष मौजूदगी में सेक्टर अधिकारियों की बैठक गोटेगाँव में हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने सेक्टर अधिकारियों को अपने- अपने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय लोगों से चर्चा कर यहाँ के मतदाता पर किसी भी प्रकार के अनुचित प्रभाव या बल का भय दिखाकर या उपयोग कर उसे स्वतंत्र, निष्पक्ष तरीके से मतदान करने से रोकने वाले लोगों अथवा समूहों की पहचान करने के भी निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि पुलिस सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति भी की जा चुकी है। सेक्टर अधिकारी पुलिस सेक्टर अधिकारी से समन्वय बनाकर कार्य करें। मतदान के पूर्व एवं मतदान में दौरान कानून व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम श्रीमती देवन्ती परते, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य सेक्टर अधिकारी मौजूद थे।

### 5 को मनाई जाएगी मां कर्मा देवी जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** स्थानीय साहू समाज की मां कर्मा देवी आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ आगामी 5 अप्रैल 2024 को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जयंती महोत्सव में होने वाले विविध कार्यक्रम होगें जिसमें 4 अप्रैल 2024 दिन गुरुवार को मेहंदी रंगोली पेंटिंग दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे रखी गई है । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वयं की सामग्री लाना अनिवार्य रखा गया है। दूसरे दिन 5 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे से राम मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो की प्रारंभ स्थल से होते हुए समापन स्थल तक जावेगी। बताया कि साहू समाज की आराध्य भक्त संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1008वीं जयंती महोत्सव 5 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे से सर्वप्रथम मां कर्मा देवी जी का पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरतीवंदन किया जावेगा।

### महिला ने किया जहरीली वस्तु का सेवन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पति पोलाद लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी सगौनी थाना कोतवाली द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### एक वर्ष के अबोध ने किया गोलियों का सेवन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस एक वर्ष के अबोध बालक द्वारा गोलियों का सेवन कर लिया । पुलिस बताया कि शिफान पिता शानिफ खान उम्र 1 वर्ष निवासी डोकरघाट थाना स्टेशनगंज द्वारा घर पर खेलते समय आयरन की अधिक गोलियों का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।





## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पहुँची कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं नव प्रवेशोत्सव का आयोजन कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमे छात्र - छात्राओं को शिक्षा संबंधी जानकारी तथा आगे बढ़ने के लिये उनके हौसलों को मजबूत करने के लिये सागर्भित उद्बोधन दिये गये । कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के पूजन एवं वंदना से किया गया। कार्यक्रम में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

### विद्यार्थियों को दिये टिप्स

कलेक्टर श्रीमती पटले ने उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा परिणाम की प्रशंसा की। उन्होंने प्रवीण्य सूची में संस्था को रेखांकित करते हुए छात्र- छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने सभी बच्चों को स्व. अनुशासन, समय पर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाईल एवं सोशल मीडिया को सुविधा एवं दुविधा दोनों पक्षों में परिचय कराया। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। अतिथियों ने उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा परीणामों को जिले की उपलब्धियों का सिरमोर माना। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं विद्यालय के स्टाफ की प्रशंसा की।



कलेक्टर ने किया विद्यार्थियों से संवाद, बढ़ाये हौसले

### परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की परीक्षा प्रभारी श्रीमती बबीता रावत ने स्थानीय परीक्षा परिणाम का प्रतिवेदन दिया। संस्था प्राचार्य जीएस पटैल ने परीक्षा परिणाम की घोषणा कर प्रावीण्य सूची जारी की। संस्था प्राचार्य जीएस पटैल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 9 वीं में 99.17 प्रतिशत एवं कक्षा 11 वीं में 97 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी, डीपीसी डॉ. आरपी चतुवेर्दी, डॉ. आरएस शर्मा, स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक कुमार उदेनिया एवं आभार नारायण सोनी ने किया।

### स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

जिले के शासकीय विद्यालयों में नवीन शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस में प्राथमिक माध्यमिक, हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी, एपीसी यजुवेंद्र सिलावट, बीआरसी और अन्य प्रधानपाठकों व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा निरंजन वार्ड प्राथमिक शाला में बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। नवीन सत्र की शैक्षणिक गतिविधियों की पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इसी तरह विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदनखेड़ा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एल कनेरिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जसवंत सिंह पटेल और अन्य प्रचार्यों ने नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर एवं पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र के शिक्षक शिक्षिकायें एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं भी दी। जिले के समस्त प्राथमिक माध्यमिक हाई हायर सेकेण्डरी विद्यालयों विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम एवं विशेष भोज का आयोजन किया गया।

## सेवानिवृत्ति पर शाल व स्मृति चिन्ह से श्रीमती शर्मा को दी गई विदाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** सोमवार को शासकीय माध्यमिक शाला खमरिया में सहायक शिक्षक पद पर पदस्थ श्रीमती आभा शर्मा 29 वर्ष की शासकीय सेवा पश्चात सेवानिवृत शाल श्रीफल व समृति चिन्ह देकर उनके स्वास्थ्य एवं सुखी जीवन की कामना करते हुये विदाई दी गई । उक्त असवर पर संकुल प्राचार्य ए. के. चौबे ने कहा कि श्रीमति शर्मा ने अपने शैक्षणिक जीवन में मिली जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है,उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है, आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती शर्मा ने कहा कि मैंने अपने जीवन का लंबा समय इस विद्यालय में व्यतीत किया है इस दौरान विद्यालय के शिक्षको, छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने जो स्नेह, सम्मान व सहयोग दिया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन रत्नप्रभा श्रीवास्तव व आभार प्रधान पाठक एम डी दुबे ने किया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के ओ पी साहू नीरजा श्रीवास्तव सुनीता बरकड़े गजेंद्र जाटव अंजना सराठे चंदा साहू शिवांगी पांडे आनंद श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव अंचल शर्मा आशीष खरे विभा साहू संध्या वर्मा सहित परिवार जन छात्र छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



## मतदान को लेकर ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया के मार्गदर्शन में मेरा पहला वोट देश के लिए मतदान जागरूकता संबंधित ओरिएन्टेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एन. सी. सी.प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ राजेश ठाकुर (लोकसभा निर्वाचन 2024 मास्टर ट्रेनर) द्वारा विद्यार्थियों को ईवीएम मशीन की जानकारी, उसके उपयोग का तरीका एवं मतदान की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताया गया। प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने आपका वोट आपका अधिकार का नारा देते हुए विद्यार्थियों को मतदान हेतु जागरूकता का संदेश दिया। प्रो. ज्योत्स्ना झारिया नें सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा लगवाते हुए विद्यार्थियों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज्योत्स्ना झारिया एवं आभार प्रदर्शन दल नायिका शिखा वर्मा नें किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो. सुधा शाक्य, डॉ नरेश कुमार नेमा, प्रो. प्रीति कौरव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों में राशिका चौरसिया, पलक गुप्ता, रौशनी चौधरी, नेहा चौधरी, दिव्या श्रीवास, सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों नें हिस्सा लिया ।

## लकड़ी का कच्चा पुल दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले की गोटेगांव तहसील मुख्यालय के पटेल वार्ड स्थित नर्मदा मंदिर के सामने वाली गली की आखिर में ग्राम पंचायत छिदोंरी एवं नगर पालिका सीमा क्षेत्र में आता है यह कच्छा टूटा फूटा पुल और आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं अहमना नाला पर बना ये टूटा फूटा कच्चा पुल बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है । कच्चे पुल से निकलना बड़ी दुर्घटनाओं को न्यौता देना है यहां निवास कर रहे वार्डवासियों को इस खतरनाक टूटे फूटे लकड़ी के कच्चे पुल से होकर गुजरना पड़ता है जोकि कभी भी हानिकारक साबित हो सकता है जिसे बनाए जाने हेतु स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही है क्योंकि यमुना नाला के उस पार रह रहे गरीब मजदूर लोगों के लिए यह कच्चा पुल का रास्ता सीधा नर्मदा मंदिर के सामने वाली गली की ओर जाता है जो कि सीधा बाजार के लिए निकलता है जिससे यहां रह रहे स्थानीय लोगों के लिए यह रास्ता सुविधाजनक है, लोगों की सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए नगरीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायत व जनप्रतिनिधि ध्यान आकर्षित कर इसकी दुर्दशा को देखते हुए निवासरत लोगों एवं आने जाने वाले राहगीरों आ रही इस बड़ी समस्या को गंभीरता दिखाते हुए यहां पक्का पुल बनाए जाने हेतु एवं यमुना नाला पर फैले गंदगी कचरे के अंबार को साफ कराने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की गई है यहां पक्का पुल बनाए जाने पर यहां निवास कर रहे लोगों की सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए यह नगरीय प्रशासन का लोगों के हित में सार्थक कार्य साबित होगा,।

## हमले के विरोध में पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस पत्रकारों द्वारा शनिवार रात्रि भोपाल के शाहपुरा थानांतर्गत राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन नरेंद्र पटेल के पुत्र अभिज्ञान पटेल द्वारा भोपाल के पत्रकार विवेक सिंह पर जानलेवा हमला किया गया साथ ही जब विवेक सिंह हमले से बचने के लिए पास के ही एक रेस्टोरेंट मे गये तो मंत्री पुत्र एवं उनके साथियों ने रेस्टोरेंट के संचालक दंपति के साथ भी मारपीट की मामला यहीं शांत नही हुआ रात्रि करीब 10 बजे राज्यमंत्री स्वयं शाहपुरा थाने पहुंचे एवं पुलिस पर दबाव बनाया एवं अपनी राजनैतिक पहुंच के जरिये अपने कर्तव्य का पालन कर रहे पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड करवाया। उक्त घटना मे साफ तौर पर राजनैतिक दबाव का दुरूपयोग एवं जानलेवा हमला करने जैसे आपराधिक कृत्यों को अंजाम दिया गया है जो की लोकतंत्र के लिए घातक है, उक्त घटना के विरोध मे एवं पीड़ति पत्रकार के समर्थन मे पत्रकार अधिकार अभियान समिति के आव्हान पर सोमवार को नरसिंहपुर जिला मुख्यालय के पत्रकारों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेंद्र पटेरिया को ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन मे उक्त घटना की निंदा करते हुए घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जाँच एवं कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन मे वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र श्रीवास्तव, अमर नौरिया, ललित श्रीवास्तव, ताराचंद पटेल, विमल बानगात्री, भागीरथ तिवारी, विपिन बैरागी, अरुण शर्मा, नरेंद्र श्रीवास्तव,लेखराम पटेल एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।



### नुक्कड़ नाटक से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पुराना बस स्टैण्ड नरसिंहपुर में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गयी। जिसमें बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की अपील उपस्थित जनसमुदाय से की गयी। नुक्कड़ नाटक के पश्चात मतदान की शपथ भी ली गयी। इसके पूर्व छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय से इतवारा बाजार होते हुए पुराने बस स्टेण्ड तक मतदान जागरूकता की रैली निकाली। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र दलनायक देवांश पचैरी, वेदान्त दुबे, मानस गुप्ता, साहिल खान, रोहित सिंह मरकाम, राज ढिमोले, शिवम गौंड, रेवाराम चैधरी ने कार्यक्रम में भाग लिया। मतदाता जागरूकता की उपरोक्त गतिविधियों का संचालन मतदाता जागरूकता समिति संयोजक प्रो. रीता रावत एवं डॉ. भावना मेहता द्वारा किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं में कु. मुस्कान, कु. नम्रता ने उक्त कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दिया।

### चार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे भाजपा प्रत्याशी

**तेंदूखेड़ा-** आने वाली 4 अप्रैल को नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चैधरी दर्शन सिंह जिला मुख्यालय होशंगावाद पंहुचकर अपना नामांकन दाखिल करेंगें। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा राज्य सभा सांसद श्रीमति माया नारोलिया केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल उदय प्रताप सिंह राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल विधायक - डॉ. सीताशरण शर्मा विजयपाल सिंह प्रेम शंकर वर्मा विश्वनाथ सिंह पटेल ठाकुर दास नागवंशी सुरेश पचैरी नरसिंहपुर जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। तथा एक महती सभा को भी संबोधित करेंगे।

### स्कूलों मे मनाया प्रवेशोत्सव

**तेंदूखेड़ा-** लोक शिक्षण संचनालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 1 अपै्रल से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरूआत नव प्रवेशी छात्र छात्राओं के सम्मान के साथ होना निर्धारित किया गया था। इसी तारतम्य मे तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यमिक एवं हायर सेकेंड्री स्कूलों मे सरस्वती पूजन कर कक्षा छटवीं एवं नौवीं मे प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

### रंगोली बनाकर किया जा रहा जनजागरण

**तेंदूखेड़ा-** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये मतदाताओं को निष्पक्ष निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। जिनमें जनजागरण रैलियां एवं रंगोली दीवार लेखन गोष्ठियां प्रमुख रूप से शामिल है। इसी सिलसिले मे शास. महाविद्यालय तेंदूखेड़ा मे छात्राओं द्वारा रंगोलियां बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

